हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025







# मनपा स्कूलों में धूमधाम से मनी दिवाली

## > गृह उपयोगी सामग्री बनाकर छात्रों के खिले चेहरे

**नागपुर.**

नागपुर महानगरपालिका के 'स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली' अभियान के तहत मनपा स्कूलों में छात्रों के लिए विभिन्न कार्य अनुभव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में छात्रों ने घरों में इस्तेमाल होने वाले रंग-बिरंगे आकाश कंदील, तोरण और अन्य सजावटी वस्तुएं स्वयं बनाकर दिवाली के लिए गृह उपयोगी सामग्री तैयार करने का अनुभव लिया। इन उपक्रमों के कारण छात्रों में खुशी का माहौल छा गया और उनके चेहरे आनंद से खिल उठे। मनपा आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती वैष्णवी बी. के मार्गदर्शन और शिक्षाधिकारी श्रीमती साधना सयाम के नेतृत्व में मनपा स्कूलों के छात्रों के लिए दिवाली के अवसर पर



विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, मनपा के गांधीनगर हिंदी प्राथमिक स्कूल और नेताजी नगर मार्केट हिंदी माध्यमिक स्कूल में विशेष कार्य अनुभव उपक्रम चलाए गए। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न गृहोपयोगी वस्तुएं बनाईं। शिक्षकों ने छात्रों को दिवाली के त्योहार और उसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

**पर्यावरण-पूरक दिवाली पर जोर**

दिवाली की छुट्टियों से पहले नागपुर महानगरपालिका के स्कूलों में छात्रों ने बड़े उत्साह और आनंदमय माहौल में दिवाली मनाई। मनपा स्कूलों में 4 नवंबर तक दिवाली की छुट्टियों की घोषणा की गई है। छात्रों को पर्यावरण-पूरक दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु ही स्कूलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नेताजी मार्केट प्राथमिक स्कूल के छात्रों के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों ने पर्यावरण-पूरक मिट्टी के दीये, आकाश दीप और शुभकामना देने के लिए सुंदर ग्रीटिंग कार्ड भी तैयार किये। इसी तरह, नेताजी मार्केट माध्यमिक हिंदी स्कूल के छात्रों ने भी उत्साह के साथ आकाशदीप बनाए। शिक्षकों ने छात्रों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और उनसे 'पर्यावरण-पूरक दिवाली' मनाने का आह्वान किया। इस आयोजन से छात्रों में उत्साह और आनंद का वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर माध्यमिक की मुख्याध्यापिका छाया कौरासे, प्राथमिक की मुख्याध्यापिका शारदा मिश्रा, शिक्षक विनायक भोयर, संगीता गावडे उपस्थित रहे। गांधीनगर हिंदी प्राथमिक स्कूल के छात्रों ने भी पर्यावरण-पूरक दिवाली मनाई और रंग-बिरंगी वेशभूषा धारण की। इस दौरान स्कूल की मुख्याध्यापिका बिना करोसिया सहित अन्य शिक्षक वर्ग मौजूद रहे।

# वसुबारस के साथ महाराष्ट्र में दीपावली उत्सव का भव्य शुभारंभ

**नागपुर.**

दीपों का महापर्व दीपावली महाराष्ट्र में पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ वसुबारस से आरंभ हो गया है। नागपुर समेत पूरे राज्य में आज श्रद्धालुजन गाय और बछड़ों की पूजा कर दिवाली पर्व की शुरुआत कर रहे हैं। यह पर्व धनतेरस से एक दिन पहले, गोवत्स द्वादशी के दिन मनाया जाता है, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में 'वसुबारस' के नाम से जाना जाता है। इस दिन को मातृत्व, पालन-पोषण, और धन-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

**गाय की पूजा से होती है दीपावली की शुरुआत :** हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है। धार्मिक मान्यता है कि गाय में 33 कोटी देवी-देवताओं का वास होता है।



यही कारण है कि वसुबारस के दिन गौमाता की पूजा कर दीपावली की शुरुआत की जाती है। ग्रामीण अंचलों में आज के दिन विशेष उल्लास देखा गया। महिलाओं ने प्रातः स्नान कर गाय-बछड़ों को स्नान कराया, उन्हें पुष्पमालाएं पहनाईं, और पारंपरिक व्यंजन अर्पित किए। घर-आंगन में दीप प्रज्वलन और रंगोली से त्योहार का स्वागत किया गया।

**बाजारों में भी दिखा उत्सव का उत्साह :** नागपुर के बाजारों में सुबह से ही मिठाई, सजावट सामग्री, दीप और पूजा की वस्तुओं की खरीदारी जोरों पर है। छोटे व्यापारियों और दुकानदारों में वसुबारस के साथ शुभ बिक्री की शुरुआत को लेकर खास उत्साह देखा गया। व्यापारियों के अनुसार, वसुबारस से शुभ मुहूर्त में खरीदी का दौर शुरू होता है, जो पूरे दीपावली सप्ताह तक चलता है। यह समय ग्राहक और विक्रेता दोनों के लिए लाभकारी माना जाता है।

**पांच दिवसीय दीपोत्सव की हुई शुरुआत :** वसुबारस के साथ शुरू हुआ यह पांच दिवसीय दीपोत्सव अब क्रमशः धनतेरस, नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजन और भाऊबीज के साथ अपने चरम पर पहुंचेगा। हर दिन विशेष पूजा और पारंपरिक अनुष्ठानों के माध्यम से दीपावली पर्व में धार्मिक आस्था, पारिवारिक एकता और सामाजिक उत्सव का अद्भुत समावेश देखने को मिलेगा।

# नागपुर नागरिक सहकारी बैंक ने शुरू की मोबाइल बैंकिंग सेवा

## डिजिटल बैंकिंग की ओर सशक्त कदम

**नागपुर.**

नागपुर नागरिक सहकारी बैंक लि. ने अपनी मोबाइल बैंकिंग सेवा का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह पहल बैंक के डिजिटल परिवर्तन और ग्राहकों को आधुनिक, सुरक्षित तथा सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारतीय रिज़र्व बैंक से अनुमति मिलने के बाद, बैंक ने पहले चरण में मोबाइल ऐप के माध्यम से आईएमपीएस, नेफ्ट, आरटीजीएस, इनबैंक ट्रांसफर, मिनी स्टेटमेंट, ऋण जानकारी, एफडी/आरडी जैसी सेवाएं शुरू की हैं। दूसरे चरण में यूपीआई, चेकबुक अनुरोध, बीबीपीएस पेमेंट सहित कई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। 1962 में स्थापित यह मल्टी-स्टेट शेड्यूल्ड बैंक महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 45 शाखाओं के साथ कार्यरत है। अब तक बैंक ने 5 सहकारी बैंकों का सफल विलय कर 16 शाखाओं का विस्तार किया है। अगले 6 महीनों में दो और बैंकों मेहकर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (बुलढाणा) और गणराज को-ऑपरेटिव बैंक (बीड) का भी विलय प्रस्तावित है। 31 मार्च 2025 तक बैंक ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक का मिश्र व्यवसाय 2763 करोड़ था, 2024-25 में यह 3046 करोड़ तक पहुंचा, और वर्तमान में बैंक का कुल व्यवसाय 3777.78 करोड़ हो गया है। एप्रिल से सितंबर 2025 के बीच बैंक ने 8.39% की वृद्धि दर्ज की है। विदर्भ की पहली सहकारी बैंक के रूप में नागपुर नागरिक सहकारी बैंक ने एटीएम, आरटीजीएस/नेफ्ट और ई-कुबेर सुविधा बिना किसी स्पॉन्सर बैंक के सफलतापूर्वक शुरू की है। बैंक ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार नवोन्मेषी सेवाएं दे रही है। बैंक 70 लाख तक के गोल्ड लोन (सुवर्ण तारण कर्ज) मात्र 9% ब्याज दर पर उपलब्ध कराती है। स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अब तक बैंक ने 36.44 करोड़ के ई-रिक्शा लोन और 9.07 करोड़ के सोलर पैनल लोन वितरित किये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) के तहत पिछले पांच महीनों में 100 से अधिक गृह ऋण स्वीकृत किये गए हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अपने घर का सपना पूरा करने में मदद मिली है। समाजसेवा के क्षेत्र में भी बैंक ने योगदान दिया है बैंक ने दलवी अस्पताल, विवेकानंद मिशन खापरी, लोक कल्याण अनुसंधान केंद्र नागपुर, विदर्भ वनवासी कल्याण आश्रम, सेवा भारत जैसी संस्थाओं को रुग्णवाहिकाएं (एम्बुलेंस) प्रदान की हैं। साथ ही इंदौर और उमरेड में बैंक के माध्यम से अत्याधुनिक अध्ययन केंद्र संचालित किये जाते हैं, जिनसे अनेक विद्यार्थियों ने सरकारी सेवाओं में सफलता पाई है। नागपुर नागरिक सहकारी बैंक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और सेवा भावना को निरंतर निभा रही है। नवोन्मेष, प्रगति और ग्राहक विश्वास के बल पर यह बैंक आज सहकारी क्षेत्र में विश्वास और विकास का प्रतीक बन चुकी है।

# युवक ने स्नैपचैट पर फंसाकर नाबालिग से किया दुष्कर्म

**नागपुर.** तारसा मार्ग, कन्हान निवासी एक 26 वर्षीय युवक पर एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। आरोपी ने पीड़िता को स्नैपचैट पर फंसाकर उससे मिलने का मौका ढूंढा और बाद में खुदकुशी की धमकी देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता से आरोपी विपुल किशोर पाटिल की जुलाई माह में स्नैपचैट पर जान-पहचान हुई थी। विपुल ने नाबालिग को प्रेम का झांसा देकर उससे मिलने का प्रयास किया। एक बार मिलने के बाद उसने पीड़िता को शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा, लेकिन नाबालिग के इनकार करने पर उसने खुदकुशी करने की धमकी देनी शुरू कर दी। इसी धमकी के बल पर विपुल पीड़िता को इंदौरा स्थित ट्रिनिटी होटल ले गया, जहां उसने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस घटना के बाद पीड़िता ने सारी बात अपनी मां को बताई। मां की शिकायत पर पांचपावली पुलिस ने विपुल के खिलाफ दुष्कर्म तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# लकड़गंज में समाजवादी पार्टी का विस्तार

## > 50 लोगों ने किया प्रवेश

**नागपुर/कामठी.**

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपनी पकड़ मजबूत करते हुए, लकड़गंज क्षेत्र में अपने संगठन का विस्तार किया है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में स्थानीय स्तर के लगभग 50 लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह प्रवेश कार्यक्रम कामठी शहर के लकड़गंज में आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में प्रदेश प्रमुख महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, महिला प्रदेश




अध्यक्षा व नगर परिषद पूर्व अध्यक्षा मायाताई चौरे, राज्य कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद तसनीम फ़ैसल, प्रदेश उपाध्यक्ष वक़ार अहमद, वरिष्ठ नेता सूफी अज़हर आज़मी, मोहम्मद वसील, युवक अध्यक्ष मोहम्मद कामिल और सादिक़ अहमद शामिल थे। समाजवादी पार्टी में नदीम अहमद, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इमरान, साक़िब अहमद, ज़ियाउर्रहमान, हबीब अहमद, मोहसिन तहा, सलमान अहमद, नक़ीब अहमद, अमान अहमद, तारिक़ अहमद, रेहान अहमद, मोहम्मद इरफ़ान, तौकीर अहमद, वली तासीर, मोहम्मद अरमान, अब्दुल रहमान आदि लोगों ने प्रवेश किया। नए सदस्यों के प्रवेश को लेकर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मायाताई चौरे और परवेज़ सिद्दीकी ने पार्टी की नीतियों और आगामी चुनावों के लिए रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी नए सदस्यों का स्वागत किया और समाज के हर वर्ग के लिए काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन और अंत में आभार प्रदर्शन प्रदेश सदस्य तसनीम फैसल ने किया। पार्टी में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने को स्थानीय राजनीति में सपा की बढ़ती पकड़ के रूप में देखा जा रहा है।







# बसपा की सभा में, निकाय चुनावों पर फोकस, दलित-मुस्लिम एकता पर ज़ोर

**कामठी.**

आगामी नगरपरिषद, नगरपंचायत, जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी तैयारियां तेज़ कर दी हैं। गुरुवार को, नागपुर जिले के अध्यक्ष योगेश लांजेवार की अध्यक्षता में कामठी विधानसभा के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में आगामी स्थानीय चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों को अपने विचार खुलकर रखने का अवसर दिया गया और इच्छुक उम्मीदवारों के नाम भी दर्ज किए गए।





बैठक को संबोधित करते हुए नागपुर जिला अध्यक्ष योगेश लांजेवार ने कहा कि चुनाव अब केवल दो महीने दूर हैं, इसलिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को इन दो महीनों के लिए अपना मन (ध्यान) सिर्फ चुनाव पर केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जिला परिषद, पंचायत समिति, नगरपरिषद और नगरपंचायत के चुनावों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया, और विश्वास जताया कि यदि ऐसा होता है, तो कामठी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को बड़ी जीत मिलेगी।

नागपुर जिले के प्रभारी और कामठी विधानसभा के इन्चार्ज किशोर गेडाम ने जानकारी दी कि बसपा ने कामठी नगर परिषद के 6 वार्डों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने यह भी बताया कि बहुजन समाज पार्टी कामठी नगर परिषद के साथ-साथ महादुला और येरखेडा नगरपंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ेगी।

उन्होंने आगे कहा कि कामठी नगर परिषद में बसपा के 12 नगरसेवक चुनकर आएंगे और यदि दलित-मुस्लिम एकता होती है, तो नगराध्यक्ष भी बहुजन समाज पार्टी का ही बनेगा। बैठक में कामठी विधान सभा के इन्चार्ज किशोर गेडाम, मनपा नगरसेविका मंगला लांजेवार, कामठी विधान सभा के अध्यक्ष चंद्रगुप्त रंगारी, उपाध्यक्ष अनिल कुरिल, कामठी शहर उपाध्यक्ष सुनिता रंगारी, कामठी शहर महासचिव विकास रंगारी, शहर सचिव राजन मेश्राम, गोपाल बोरकर, विक्रांत मेश्राम, बीवीएफ संयोजक निशिकांत टेंभेकर, विधान सभा सचिव रुपेश ब्राह्मणे, शहर सचिव दुर्वास मेश्राम, रंजना बावनकुले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक का संचालन कामठी विधान सभा के महासचिव अशोक मेश्राम ने किया, जबकि कामठी शहराध्यक्ष विनय उके ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## शंकरराव चव्हाण विद्यालय में मनाया गया 'वाचन प्रेरणा दिन'

> डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर विद्यार्थियों ने किया प्रेरक वाचन

**खापरखेड़ा.**



बिजली केंद्र की प्रकाशनगर कॉलोनी स्थित शंकरराव चव्हाण विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में 15 अक्टूबर, बुधवार को 'वाचन प्रेरणा दिन' बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक गणेश चिखले, नरेंद्र बुटोलिया, चंद्रकांत मोहड और सुरेखा चिखले ने विद्यार्थियों को वाचन की महत्ता और ज्ञानवर्धन के लिए पुस्तक पढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्याध्यापिका वीणा पांडे ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन पुस्तकों से गहरे जुड़ा था। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे भी पुस्तकों से मित्रता करें, विभिन्न विषयों की किताबें पढ़ें और पुस्तकालय के माध्यम से ज्ञान अर्जित करें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पुस्तकों का वाचन किया और 'वाचन प्रेरणा दिन' को सार्थक बनाया। कार्यक्रम का संचालन जिजा जैन ने किया, जबकि पुष्पा बढिये ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद इंगले, नीरज मिश्रा, मनिषा नखाते सहित सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। 'पुस्तकें ही वह दीप हैं, जो जीवन को ज्ञान और प्रेरणा से आलोकित करती हैं।'

## न.प. अधिकारी एवं कर्मचारियों का दिवाली स्नेहमिलन संपन्न

**सावनेर.**

नगर परिषद सावनेर में महाराष्ट्र राज्य कर्मचारी संघ की ओर से भव्य दिवाली स्नेहमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




यह कार्यक्रम 16 अक्टूबर 2025 को नगर परिषद सभागृह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अधिकारी अर्शिया जूही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं, जबकि महाराष्ट्र कर्मचारी संगठन के नागपुर संभागीय अध्यक्ष धीरज देशमुख ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम में नगर परिषद के कार्यालय अधीक्षक देवेंद्र काले, मधुकर लोही, पंकज छेनिया, निखिल वाडेकर, निकोसे, संदेश खड़गले, पाटिल सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में मुख्य अधिकारी अर्शिया जूही ने कहा कि "सावनेर नगर परिषद के सभी अधिकारी और कर्मचारी एक परिवार की तरह हैं। हमारा दायित्व है कि हम नागरिकों की आशाओं और समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें। नगर परिषद में आने वाले प्रत्येक नागरिक को यह महसूस होना चाहिए कि उनकी समस्या हमारी प्राथमिकता है।"

उन्होंने आगे कहा कि प्रशासनिक कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता और जनसेवा का भाव ही हमारी वास्तविक पहचान होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे मिलजुलकर नगर परिषद को उत्कृष्ट कार्य का केंद्र बनाएं।

कार्यक्रम का समापन स्नेहमिलन और पारस्परिक संवाद के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ।

## पोरवाल कॉलेज का शिरपुर में दत्तक ग्राम अभियान का आरंभ

**कामठी.**

स्थानिय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज, के दत्तक ग्राम अभियान प्रकोष्ठ व ग्रामोन्नती प्रकोष्ठ द्वारा गट ग्राम पंचायत घोरपड-शिरपुर में शैक्षणिक सत्र 2025 से 2028 तक, शिरपुर ग्राम को दत्तक लिया गया. कार्यक्रम की शुरुवात महाराष्ट्र गित व विश्वविद्यालय गित से करके गणमान्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रसंत तूकडोजी महाराज और संत गाड़गे महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया.




कार्यक्रम के अध्यक्ष व प्राचार्य प्रो. डॉ स्वप्नील दाहात ने तिन वर्षो तक शिरपुर ग्राम में लियेजानेवाले सभी कार्यक्रम व उपक्रमों में विद्यार्थियों को क्रियाशीलता के सहभागी होने का आव्हान किया. प्रास्ताविक रखते हुए, डॉ. जितेंद्र सावजी तागडे ने दत्तक ग्राम शिरपुर में आगामी तिन वर्षो तक आयोजित होनेवाले विविध उपक्रम व कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए ग्राम के सर्वांगीण के लिए यह लाभकारी होगे येसी आशा व्यक्त की, रासेयो अधिकारी डॉ. विनोद शेंड़े ने संत गाड़गे महाराज की तरह अनुशासन का पालन की सलाह विद्यार्थियों को दी. प्रमुख अतिथि तथा उदघाटक सरपंच ताराबाई कडु ने सभी विद्यार्थियो कुशल कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जिससें की शिरपुर ग्राम विद्यार्थियों के कार्यों को याद करे. हेल्थ अवरनेस सेल के संयोजक डॉ जयंत रामटेके ने नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथी व मुख्य वक्ता, जनप्रभात दैनिक के उपसंपादक व सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप येवले ने सभी विद्यार्थियो को मोबाइल के लाभ, हानी, बताकर किसी भी कार्य को लगन व एकाग्रता से करने सलाह विद्यार्थियों को दी.

कार्यक्रम का समापन विद्यार्थी विकास प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम के नेतृत्व में 'वंदेमातरम्, गीत से किया गया. कार्यक्रम की सफलतार्थ रासेयो महिला अधिकारी डॉ. निशिता अंबादे, डॉ. यशवंत मेश्राम, डॉ. महेश जोगी, डॉ इंद्रजीत बसु, प्रो धम्मदीना बोरकर, घोरपड ग्रामपंचायत के सदस्य गीता पांडे, सुनीता कोर्वेकर, आशा कुरडकर, कुनाल कडू, आनंद वानखेड़े, अमर वानखेड़े ने विशेष सहयोग दिया. कार्यक्रम का संचालन प्रज्वल सौलंकी तथा आभार दिव्या मस्के ने व्यक्त किया.

## अतिवृष्टि प्रभावित किसानों के समर्थन में राष्ट्रवादी की 'काली दिवाली'

> सरकार के राहत पैकेज पर तीव्र नाराज़गी

**हिंगनघाट.**

राज्य सरकार द्वारा घोषित अतिवृष्टि राहत पैकेज को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) ने गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए 'निषेधात्मक काली दिवाली' मनाई। यह आंदोलन 17 अक्टूबर को तहसील कार्यालय के सामने जिला अध्यक्ष अतुल वांदिले और वरिष्ठ नेता सुनील राऊत के नेतृत्व में किया गया।




काले कपड़े और काली पट्टियाँ पहनकर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाज़ी की। अतुल वांदिले ने कहा कि "किसानों के घरों में आज भी अंधेरा है, क्योंकि सरकार के राहत पैकेज ने उनके घावों पर मरहम लगाने के बजाय नमक छिड़का है। सरकार ने किसानों की दिवाली काली कर दी है।"

इस आंदोलन के दौरान पार्टी ने किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी, अतिवृष्टि प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर 50,000 की आर्थिक सहायता, और नियमित कर्ज चुकाने वाले किसानों को 75,000 की प्रोत्साहन राशि देने की मांग रखी।

पार्टी प्रतिनिधियों ने उपविभागीय अधिकारी अवतारे को ज्ञापन सौंपकर इन मांगों को तत्काल लागू करने की अपील की। आंदोलन में सभी सेल अध्यक्षों, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने एक स्वर में घोषणा की कि "जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता, तब तक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का यह संघर्ष जारी रहेगा।"

यह विरोध प्रदर्शन किसानों की बदहाल स्थिति और सरकार के राहत पैकेज की अपर्याप्तता पर जनता का ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से किया गया था।

## गोंदिया में अवैध पान मसाला और तंबाकू की तस्करी गिरफ्तार

**गोंदिया.**




गोंदिया में अवैध पान मसाला और तंबाकू की तस्करी पकड़ाई गई। रेल्वे सुरक्षा बल नागपुर के निर्देशानुसार डोंगरगढ़ पोस्ट प्रभारी और मंडल टास्क टीम ने चोरी रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई की। 16 अक्टूबर को करीब 16 बजे रेलवे स्टेशन गोंदिया के प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को खाकी रंग के दो बड़े बैग के साथ पकड़ा। जांच में उसके पास गुटखा, पान मसाला और तंबाकू जैसे पदार्थ पाए गए। आरोपी ने अपना नाम अनिल मूलचंद दलयानी (41), निवासी सिंधी कॉलोनी, देसाईगंज वडसा बताया। शहर पुलिस गोंदिया के सहयोग से अपराध शाखा की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी के बैग की जांच की। जांच में कुल 13,620 रुपये मूल्य का अवैध माल बरामद हुआ, जिसमें रजनीगंधा पान मसाला के 8 बड़े पैकेट (6,720 रुपये), डायरेटर स्पेशल पान गुटका के 5 बड़े पैकेट (900 रुपये) और पान पराग गुटका के 5 बड़े पैकेट (6,000 रुपये) शामिल थे। आरोपी के खिलाफ शहर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए अवैध माल जब्त कर लिया। रेल्वे सुरक्षा बल और पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

## हिंगनघाट में तहसील स्तरीय फराल महोत्सव में महिलाओं की चमकदार भागीदारी

> स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

> 'स्थानीय उत्पाद खरीदें, महिलाओं को सशक्त बनाएं!' का संदेश

**हिंगनघाट.**




दीपावली के उत्सव को आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण से जोड़ते हुए, महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में तथा समूह विकास अधिकारी के नियोजनानुसार एमएसआरएलएम तहसील अभियान प्रबंधन कक्ष, पंचायत समिति हिंगनघाट की ओर से तालुका स्तरीय फराल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस रंगारंग आयोजन में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता और उद्यमशीलता की मिसाल पेश की। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए चकली, शंकरपाले, लड्डू, सेव, चिवड़ा जैसे स्वादिष्ट फराल पदार्थों के साथ-साथ दीप, मिट्टी के खिलौने, सजावटी गुड़िया, मशरूम उत्पाद, घरेलू मसाले आदि वस्तुएँ बिक्री के लिए प्रदर्शित की गईं। इन पारंपरिक उत्पादों की खुशबू और सादगी ने पूरे परिसर को दिवाली की रौनक से भर दिया। कार्यक्रम में समूह विकास अधिकारी सारसावले, तहसील अभियान प्रबंधक सचिन सावरकर, रवी नौकरकर, कविता लोखंडे सहित क्षेत्रीय समन्वयक, सीएलएफएम और बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थीं। अधिकारियों ने महिलाओं के उत्साह की सराहना करते हुए नागरिकों से अपील की कि वे "स्थानीय उत्पाद खरीदें और महिलाओं के हाथों को सशक्त बनाएं।" पंचायत समिति की इस पहल को नागरिकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस महोत्सव ने न केवल महिलाओं की आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में नई रोशनी जगाई है, बल्कि समाज में "महिलाओं के हुनर की दीपावली" मनाने का एक प्रेरणादायी संदेश भी दिया है।

## घुग्घुस में कांग्रेस को मिला नया जोश

> गजानन मासिरकर ने थामा कांग्रेस का हाथ

**घुग्घुस.**



नगर परिषद चुनाव की आहट के बीच घुग्घुस की राजनीति में नया मोड़ आया है। शहर के जाने-माने व्यवसायी और सिविल कॉन्ट्रैक्टर गजानन मासिरकर ने आज कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। सांसद प्रतिभाताई धानोरकर और जिला अध्यक्ष सुभाष धोटे ने उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। यह प्रवेश कांग्रेस के लिए एक बड़ी मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। मासिरकर ओबीसी समुदाय के प्रभावशाली और युवा नेता माने जाते हैं। उनके पार्टी में शामिल होने से आगामी नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस को निर्णायक लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है। आज तुकडोजी नगर, वार्ड क्रमांक 06 में आयोजित कांग्रेस की समीक्षा बैठक में यह प्रवेश हुआ। बैठक में सांसद प्रतिभाताई धानोरकर, प्रभारी मुजीब पठान, जिला अध्यक्ष सुभाष धोटे, प्रवीण पडवेकर, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चोखारे, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सोहेल शेख, तालुका अध्यक्ष अनिल नरुले, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शफक शेख सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में आगामी नगर परिषद, जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नगराध्यक्ष पद का आरक्षण घोषित होने के बाद अब सभी दलों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। मासिरकर ने इस अवसर पर कहा कि वे राहुल गांधी के नेतृत्व और कांग्रेस की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे शहर के विकास और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए समर्पित रहेंगे। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि मासिरकर जैसे सक्रिय और जनसंपर्क वाले नेता के आने से पार्टी को घुग्घुस नगर परिषद चुनाव में नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

## समय के साथ तेजी से बढ़ रहा है मीडिया : डॉ. अजीत पाठक

**वर्धा.**

पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक ने कहा कि "मीडिया समय के साथ तेजी से बदल रहा है और और भी गति से बढ़ रहा है। ऐसे में हमें भी समय की रफ्तार के साथ आगे बढ़ना होगा।' वे शुक्रवार, 17 अक्टूबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में आयोजित ऑनलाइन पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम में 'विकसित भारत में जनसंपर्क एवं जनसंचार की भूमिका' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत आयोजित किया गया था।डॉ. पाठक ने अपने व्याख्यान में डिजिटल युग में प्रभावी मीडिया प्रबंधन, ब्रांडिंग, विज्ञापन और जनसंपर्क के नए आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की वास्तविक पहचान उसके कर्मचारी ही उसके ब्रांड एंबेसेडर होते हैं। उन्होंने बताया कि सफल जनसंपर्क के लिए व्यक्तिगत और मित्रवत संबंध अत्यंत आवश्यक हैं।उन्होंने मीडिया प्रबंधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। डॉ. पाठक ने कहा कि जनसंपर्क में एआई के उपयोग से निर्णय लेने की क्षमता में सुधार, डेटा सुरक्षा, और डिजिटल संचार में पारदर्शिता लाई जा सकती है। साथ ही उन्होंने मीडिया में नैतिकता और जवाबदेही को भी आवश्यक बताया। कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप वर्मा और जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे उपस्थित रहे। शिक्षकों और शोधार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



## व्हाईस ऑफ मीडिया संगठन में सचिन लिडर की नियुक्ति

**सावनेर.**

व्हाईस ऑफ मीडिया संगठन, सावनेर में तहसील सचिव के पद पर सचिन शंकर लिडर को नियुक्त किया गया है। सावनेर तहसील अध्यक्ष सुधाकर बागडे ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की।



सचिन लिडर लंबे समय से विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सफाई मजदूर कर्मियों के संगठनों में सक्रिय हैं और पदाधिकारी के रूप में सेवाएँ दे चुके हैं। उनके अनुभव और समाजसेवा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति की गई है।

सचिन लिडर की नियुक्ति पर आशीष गोडबोले, सुरेश मधुमटके, दशरथ मतेल, आशीष नकासे, रेखा मतेल, विक्की हजारे और दिक्षा गिरगुसे ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी।

इस नियुक्ति से संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद है और स्थानीय सामाजिक गतिविधियों में सचिन लिडर की सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है।

# युवा चेतना मंच द्वारा शिवकालीन किला प्रतियोगिता का आयोजन

**कामठी.**

दिवाली के शुभ अवसर पर, 'युवा चेतना मंच कामठी' ने इस वर्ष भी कामठी तहसील क्षेत्र के निवासियों के लिए 'घरगुती शिवकालीन किल्ले स्पर्धा' (घर पर शिवकालीन किला प्रतियोगिता) का आयोजन किया है। युवा चेतना मंच ने सभी नागरिकों से इस अनूठी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया है।



इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज की गौरवशाली विरासत और उनके किलों के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। सर्वश्रेष्ठ शिवकालीन किला बनाने वाले प्रतियोगियों को मंच द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी: समय सीमा: यह प्रतियोगिता दिवाली के दौरान 19 अक्टूबर 2025 से 23 अक्टूबर 2025 तक पाँच दिनों की अवधि में आयोजित की जाएगी। पंजीकरण: इच्छुक प्रतियोगियों को दिए गए फोन नंबरों पर निशुल्क पंजीकरण कराना अनिवार्य है। चयन: उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतियोगियों का चयन किया जाएगा और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। आवश्यक सामग्री: किला बनाते समय के 5 फोटो और 3 वीडियो (प्रत्येक 30 सेकंड का) जमा करना अनिवार्य है। तैयार किए गए अंतिम किले के 5 फोटो और 2 वीडियो भी रखना अनिवार्य है। आयोजकों का निर्णय: प्रतियोगिता से संबंधित समय-समय पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकार आयोजकों के पास सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए मयूर गुरव - मो.न. 7620677705, प्रा. पराग सपाटे- मो.न. 9970102246, अक्षय खोपे - मो.न. 7020145669, डॉ. निखिल अग्नीहोत्री - मो.न. 7020877386, कुणाल सोलंकी - मो.न. 9325293143, हितेश बावनकुळे - मो.न. 9822701116, अमोल नागपुरे - मो.न. 985060121, हिमांशू लोंडेकर - मो.न. 9503528763 से संपर्क करें

# 6 महीनों से बंद दिव्यांग सहायता राशि पर बवाल

## > कोशिश फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन

**कामठी.**

पिछले छह से सात महीनों से दिव्यांग पीड़ितों को मिलने वाली मासिक सरकारी आर्थिक सहायता राशि रुक जाने के कारण, इन गरीब परिवारों में भारी परेशानी का माहौल है। इस गंभीर समस्या को लेकर, समाज सेवा में कार्यरत 'कोशिश फाउंडेशन' ने पहल की है और नायब तहसीलदार सरिका धात्रक को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द भुगतान शुरू करने की मांग किया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहसिन अख्तर और उपाध्यक्ष आसिफ अख्तर ने तहसीलदार को दिए गए नम्र निवेदन पत्र में इस बात पर जोर दिया है कि यह मासिक सहायता राशि कई गरीब अपंग परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लगातार 6 से 7 महीनों तक



पैसा नहीं मिलने के कारण, दिव्यांग पीड़ित अपनी बुनियादी जरूरतों और इलाज के लिए भी मोहताज हो गए हैं और अत्यंत मानसिक तनाव एवं आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कोशिश फाउंडेशन ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस मानवीय मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए, दिव्यांग पीड़ितों की मासिक सहायता राशि को बिना किसी और देरी के तत्काल प्रभाव से जारी करवाने की कृपा करें, ताकि इन जरूरतमंद लोगों को कुछ राहत मिल सके। मोहसिन अख्तर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'यह सिर्फ पैसा नहीं है, यह उन लोगों के लिए जीवन जीने का आधार है जो पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सरकार को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए।' आसिफ अख्तर ने जोड़ा, 'हम उम्मीद करते हैं कि तहसीलदार महोदय हमारी अपील पर तुरंत कार्रवाई करेंगे और पीड़ितों को उनका हक जल्द दिलवाएंगे।' स्थानीय दिव्यांग पीड़ितों ने भी कोशिश फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि अब उनकी रुकी हुई पेंशन राशि जल्द ही उनके खातों में जमा हो जाएगी। इस मौके पर तंजीम अहमद, मोहम्मद मोहसिन, अब्दुल्ला सिंघानिया, अरशद मस्तान, मोहसिन राजा, नेहाल अहमद, मुहम्मद आतिफ, तुफैल अहमद, मोहम्मद नजीम, अशफाक अहमद आदि प्रमुखता से मौजुद रहें।

## साँप के काटने से किसान का बैल मृत, आर्थिक संकट गहरा

**हिंगनघाट.**

भैयापुर में गुरुवार रात एक छोटे किसान शंकर मनोहर शिंदे के बैल की साँप के काटने से मौत हो गई। शिंदे ने दिनभर अपने बैलों को खेत में काम करवाया और शाम को उन्हें गौशाला में बाँधकर चारा डाला था। शुक्रवार सुबह उन्हें एक बैल मृत पाया गया।

इस घटना ने किसानों की पहले से ही कठिन परिस्थितियों को और बढ़ा दिया है। खरीफ के मौसम में सोयाबीन की फसल बर्बाद हो चुकी है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई है। शिंदे का कहना है कि मृत बैल की कीमत लगभग 60 हज़ार रुपये है और ऐसे समय में उसे खरीदना उनके लिए असंभव है।

किसान सरकार से उम्मीद कर रहे हैं कि उन्हें इस अप्रत्याशित नुकसान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। यह घटना प्राकृतिक आपदाओं और मौसमी संकटों के कारण किसानों की चुनौतियों को उजागर करती है।

# होटलों से जब्त किये 10 घरेलू गैस सिलेंडर

## स्थानीय आपूर्ति विभाग की कार्रवाई

**दिग्रस.**



दिग्रस तहसील कार्यालय के आपूर्ति विभाग की टीम ने बुधवार को शहर में होटल और चाय दुकानों की जांच कर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करने पर 10 सिलेंडर जब्त किये हैं। बुधवार 15 अक्तूबर को जब्त किये गए 10 घरेलू सिलेंडर चिंतामणी गैस एजेंसी के सुपुर्द किये गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिग्रस के तहसीलदार मयूर राऊत को घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल होटल व्यावसायिकों द्वारा व्यावसायिक लाभ के लिए किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थी. जिसके बाद तहसीलदार मयूर राउत के आदेश पर आपूर्ति विभाग का दस्ता गठित किया गया इस दस्ते ने बीते बुधवार को दिग्रस शहर के पुराने पोस्ट ऑफिस परिसर, शंकर टॉकीज चौक, छत्रपती शिवाजी महाराज चौक, मानोरा चौक आदि इलाकों की विभिन्न होटलों में पहुंचकर जांच की इस दौरान कुल 10 सिलेंडर जब्त किये गए। इस कार्रवाई में आपूर्ति निरीक्षण अधिकारी सत्यवान बांते, आपूर्ति निरीक्षक प्रेम राठोड, गोदाम व्यवस्थापक अतिब हक, मंडल अधिकारी शरीफ शेख मूनाफ, पटवारी प्राणिष दुधे, वैष्णवी भाकरे, आशिष महाजन, माधुरी खोडे आदि ने हिस्सा लिया था। इस मौके पर तहसीलदार मयूर राऊत ने नागरिकों और व्यवसायियों से कहा की, घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ घरेलू इस्तेमाल के लिए करें, होटल और धाबा सहित अन्य व्यावसायिक उद्देश्य के लिए घरेलू गैस का इस्तेमाल करना कानूनन दंडनीय अपराध है। अगर कानून का उल्लंघन कर व्यावसायिक लाभ के लिए आगे घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल किया गया तो सिलेंडर जब्ती की कार्रवाई तीव्र गति से की जाएंगी।

# धनतेरस और दिवाली पर पावरट्रोनिक की शानदार पेशकश

## > खरीदें स्मार्ट टीवी और जीतें इलेक्ट्रिक बाइक समेत शानदार इनाम!

**नागपुर.**

त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में खुशियों की सौगात लेकर आया है पावरट्रोनिक कंपनी ने ग्राहकों के लिए "बंपर लक्की ड्रॉ फेस्टिवल ऑफर" की घोषणा की है, जिसमें हर स्मार्ट टीवी खरीदने वाले ग्राहक को शानदार इनाम जीतने का सुनहरा मौका मिल रहा है।

इस ऑफर के तहत पहला इनाम इलेक्ट्रिक बाइक, दूसरा इनाम फ्रिज, तीसरा इनाम वॉशिंग मशीन, चौथा इनाम 32 इंच स्मार्ट टीवी और पांचवा इनाम साउंड बार रखा गया है। यानी, इस दिवाली सिर्फ टीवी ही नहीं, किस्मत भी चमकने वाली




है! पावरट्रोनिक के स्मार्ट टीवी अब बेहद किफायती दामों पर उपलब्ध हैं, 32 इंच मॉडल मात्र 7,999 में और 43 इंच मॉडल 14,999 से शुरू। साथ में ग्राहकों को मिल रही है 1 वर्ष की वारंटी, जिससे खरीदारी और भी भरोसेमंद बन जाती है। यह ऑफर उन ग्राहकों के लिए सुनहरा अवसर है जो अपने घर में तकनीक और मनोरंजन का नया अनुभव जोड़ना चाहते हैं। कंपनी का शोरूम शहर के प्रमुख स्थान पर स्थित है, शॉप नं. 1, गोयंका भवन, सुभाष रोड, जयश्री टॉकीज के पास, कॉटन मार्केट, नागपुर।

अधिक जानकारी या बुकिंग के लिए ग्राहक 7620790991 या 8007674484 पर संपर्क कर सकते हैं। पावरट्रोनिक का यह खास ऑफर सीमित समय के लिए ही मान्य है। इसलिए इस धनतेरस और दिवाली पर 0% डाउन पेमेंट परअपने घर लाएं पावरट्रोनिक स्मार्ट टीवीस और साथ ही जीतें शानदार इनाम क्योंकि इस बार त्योहार सिर्फ रोशनी का नहीं, खुशकिस्मती का भी है!

# नए शिवसेना पदाधिकारियों की घोषणा

## > वर्धा में जोरशोर से तैयारियां

**वर्धा.**

स्थानीय स्वशासन निकाय के चुनावों की तैयारियों के बीच जिला शिवसेना ने अपने नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। चुनाव आयोग जल्द ही चुनाव तिथियों की घोषणा करेगा, जिसके मद्देनज़र पार्टी ने संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। मुख्य कार्यालय "बालासाहेब भवन" में आयोजित बैठक में शिवसेना सचिव संजय मोरे और भाऊसाहेब चौधरी के साथ पूर्व विदर्भ के प्रमुख नेता, विदर्भ समन्वयक विधायक नरेंद्र भोंडेकर, विदर्भ संगठक किरण पांडव और वर्धा लोकसभा संपर्क प्रमुख राज दीक्षित मौजूद थे। बैठक में जिला प्रमुख राजेश सराफ और प्रशांत शहागडकर ने अनुशासित जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया और शिवसेना प्रमुख सचिव संजय मोरे के हस्ताक्षर से जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

आगामी चुनावों को लेकर 16 अक्टूबर को जिले के प्रमुख पदाधिकारियों की एक बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में लोकसभा संपर्क प्रमुख राज दीक्षित, सह-संपर्क प्रमुख श्रीकांत मीरापुरकर, लोकसभा संगठक रविकांत बालपांडे, उप-संगठक गणेश इखार, जिला समन्वयक अनिल देवतारे, जिला प्रमुख राजेश सराफ और प्रशांत शहागडकर, महिला आघाड़ी जिला प्रमुख शुभांगी ठमेकर, युवा सेना लोकसभा अध्यक्ष सूर्या हिरेखन और श्रमिक नेता प्रशांत रामटेके की मौजूदगी रही। इस बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्तियों की आधिकारिक घोषणा की गई।

वर्धा विधानसभा क्षेत्र में उप-जिला प्रमुख के रूप में मिलन गांधी, शहर प्रमुख शार्दुल वांदिले, उप-शहर प्रमुख प्रज्वल वाटकर, तालुका प्रमुख प्रमोद पांडे, विधानसभा समन्वयक बादल श्रीवास, उप-शहर प्रमुख सागर पंजवानी और उप-शहर समन्वयक सुयोग नवघरे को नियुक्त किया गया। देवली विधानसभा में विधानसभा प्रमुख अजिंक्य तांबेकर, उप-जिला प्रमुख संजय गिरी, तहसील प्रमुख सुभाष कुर्हटकर, तालुका संयोजक महेश जोशी, विधानसभा उप-जिला संयोजक प्रभाकर हुडे, देवली शहर प्रमुख सुरेश वैद्य, पुलगांव शहर प्रमुख गजानन नेवारे और शहर संगठक दिलीप पटले शामिल हैं।

आर्वी विधानसभा क्षेत्र में उप-जिला प्रमुख दशरथ जाधव, विधानसभा संयोजक संदीप टिपले, आष्टी तहसील प्रमुख चंद्रशेखर नेहारे, आर्वी तहसील प्रमुख स्वप्निल रणनवरे, कारंजा तहसील प्रमुख सागर हिंगवे, कारंजा शहर प्रमुख सुजीत चौधरी, कारंजा शहर संघटक नितिन सरोदे, आर्वी शहर प्रमुख धीरज लकड़े, कारंजा उप-जिला प्रमुख (ग्रामीण) संदीप भिसे, कारंजा तालुका संघटक धनराज बैंगणे और तलेगांव (शा.) शहर प्रमुख केवल सिंह जूने नियुक्त किए गए। हिंगनघाट विधानसभा में उप-जिला प्रमुख अमित गावंडे, उप-जिला समन्वयक रवि धोटे, शहर प्रमुख दिनेश काटकर और शरद खुडसुंगे, शहर संगठक सोनू लांजेवार, उप-शहर प्रमुख विलास हांडे, तालुका संघटक स्वप्निल गाढ़वे, समुद्रपुर तालुका प्रमुख अविनाश जामुनकर और तालुका संघटक गिरिधर ठवरी के नाम शामिल हैं।

बैठक का संचालन प्रचार प्रमुख दिलीप भुजाड़े ने किया। इसके अलावा शार्दुल वांदिले, धीरज लाडके, दशरथ जाधव, चंद्रशेखर नेहारे, अजिंक्य तांबेकर, प्रमोद पांडे, मिलन गांधी, प्रशांत रामटेके, मुरुगेश पिल्ले, नितिन देशमुख, स्वप्निल रणनवरे, संजय गिरी, गजानन नेवारे, दिलीप पटले, सुधाकर मुंगले, सुयोग नवघरे, अमित गावंडे, दिनेश काटकर, विवेक अतकर, स्वप्निल भिसे, संघर्ष तिजारे, धनश्री थोरात, बाला थोरात, सुमित शिरभाते, धरम शेंडे, सारंग कोयाडवार, विलास घोडखांदे, प्रभाकर हुडे, सुहास कु-हाटकर, महेश जोशी, नीलेश मोटघरे, नरेश वावरे, रोशन कोम्बे, रोशन राउत, वंश नाइक, अजय चौधरी, प्रणय ठाकरे और देवगड़े सहित कई अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।

शिवसेना ने इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन में नई ऊर्जा भरने और आगामी चुनावों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया है।

## दो मोपेड की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल

**नागपुर.** वाडी थानाक्षेत्र में दो मोपेड वाहनों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मोहाले लेआउट, वाडी निवासी सोहम तुलसीराम पटेल (28) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे सोहम अपने दोपहिया वाहन (क्रमांक एमएच40/बीबी-7983) से खडगांव रोड होते हुए काम से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार दोपहिया वाहन (क्रमांक एमएच31/एफटी-3841) के चालक ने नियंत्रण खो दिया और सोहम के वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सोहम बुरी तरह से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वाडी पुलिस ने घटना स्थल का पंचनामा कर मामला दर्ज किया है। आगे की जांच जारी है।

# गोंदिया में मारपीट, अपहरण की कोशिश और पुनः जांच के आदेश

**गोंदिया.**

आमगांव थाना क्षेत्र में बनिया मोहल्ला निवासी 61 वर्षीय राजेश्वर रहिले अपने चना-फुटाना की दुकान में बैठे थे, तभी बनगांव निवासी 30 वर्षीय प्रविण डिब्बू शिवणकर वहां पहुंचे और कहा कि दुकान में शराब बिक्री के लिए रख दें। इस पर राजेश्वर ने मना किया, जिसके बाद आरोपी ने लाठी से उनके ऊपर प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। आमगांव पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सालेकसा थाना क्षेत्र में बाबाटोली निवासी 50 वर्षीय मुकिरशाहा उदलशाहा के 16 वर्षीय बेटे उस्मान मुकिरशाहा शाहा के साथ भी मारपीट की घटना हुई। आरोपियों में 45 वर्षीय मिलाद शहबान शाहा ने उसे थप्पड़ मारा और उसके पिता को धमकी दी। इसके बाद आरोपी शहबान उर्फ इसराल जुम्मन शाहा, मिलाद और अन्य आरोपियों ने लोहे की रॉड और लात-घुसों से मुकिरशाहा और उसके बेटे को घायल कर दिया। सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

डोंगरगढ़ में शनिवार को भीख मांगने के दौरान 10 वर्षीय मनीष घनश्याम लहरे को भिखारियों ने चॉकलेट का लालच देकर अगवा करने की कोशिश की। बच्चे ने चीख-पुकार की और भागकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। पड़ोसियों की मदद से दोनों आरोपी भिखारी तरीकत शाह और दिलदार शाह झाड़ियों में छिपे मिले और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे भीख मंगवाने के लिए बच्चों का अपहरण करना चाहते थे। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और यह भी संदेह है कि अंतर्राज्यीय गिरोह इस घटना में शामिल हो सकता है।

इस बीच, गोंदिया नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष लोकेश (कल्लू) यादव पर हुए गोलीकांड मामले में जिला सत्र न्यायालय ने 13 अक्टूबर को पुनः जांच का आदेश दिया। मुख्य आरोपी प्रशांत मेश्राम के बयान में रिंकू आसवानी का नाम सामने आया था, लेकिन पुलिस ने अब तक इस पर कार्रवाई नहीं की।

न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया है कि मामले की कड़ाई से जांच कर रिपोर्ट पेश की जाए और यदि रिंकू आसवानी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।

## दीपावली पर स्वामीनारायण मंदिर में भक्ति और रोशनी का अद्भुत संगम



दीपावली पर्व के स्वागत में नागपुर स्थित स्वामीनारायण मंदिर को रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया है। मंदिर परिसर विद्युत दीपमालाओं और आकर्षक रोशनी से आलोकित हो उठा, जिससे वातावरण में उत्सव और भक्ति का अनोखा संगम दिखाई दे रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर भगवान श्री स्वामीनारायण के दर्शन कर रहे हैं और दीपोत्सव की तैयारियों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

# तीन महीने से फरार मकोका आरोपी पुलिस के शिकंजे में

**नागपुर.**



तीन महीने से पुलिस की गिरफ्त से बचते फिर रहे मकोका के दो फरार आरोपियों को पारडी पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में पीछा कर पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांधीबाग निवासी फैजान उर्फ राज काल्या अब्दुल रशीद खान (28) और सीए रोड निवासी रिजवान हसन अंसारी (28) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में दोनों के खिलाफ जबरन मारपीट और हमले जैसे संगीन अपराध दर्ज थे। मामला संगठित अपराध से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने उन पर मकोका के तहत कार्रवाई की थी। जेल से जमानत पर छूटने के बाद दोनों फरार हो गए थे और बीते तीन महीनों से पुलिस उनकी तलाश में थी। दिवाली के मद्देनज़र चोरी और घरफोड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए पारडी पुलिस रात करीब 10 बजे क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान नागेश्वर नगर में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। पुलिस दल ने तुरंत पीछा किया और बचने न पाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। कुछ ही देर में घेराबंदी कर दोनों को धरदबोचा गया। क्राइम रिकॉर्ड जांचने पर पता चला कि दोनों आरोपी मकोका के तहत फरार चल रहे थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

## भवन्स मौदा की शरवरी ठाकरे राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा के लिए चयनित

**मौदा.**



भवन्स एनटीपीसी विद्या मंदिर, मौदा के विद्यार्थियों ने डीएसओ जिला स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता (डिविजन लेवल) में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में कक्षा 7 की छात्रा शरवरी मंगेश ठाकरे ने अंडर-14 बालिका हाई जंप स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तरीय चयन सुनिश्चित किया है। अब शरवरी रत्नागिरी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय डीएसओ प्रतियोगिता में विद्यालय तथा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री जानकी मणि ने शरवरी सहित सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें आगामी राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और स्कूल के खेल शिक्षक वर्ग के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# 45.50 लाख की ठगी

## > दो दोषियों को 7 साल का सश्रम कारावास

**नागपुर.**

राणा प्रतापनगर थाने में दर्ज 45.50 लाख की ठगी के मामले में जिला व सत्र न्यायाधीश-4 एन.एच. जाधव की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 50,000-50,000 का जुर्माना भी लगाया गया है। दोषियों की पहचान वाराणसी निवासी अनिरुद्ध आनंदकुमार हौसिंग (32) और अमरावती निवासी मीरा प्रकाश फडणीस (57) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अनिरुद्ध ने खुद को केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का जनरल डायरेक्टर बताकर फिर्यादी सुनील वसंतराव कुहीकर (53), निवासी जयताला, को निवेश के नाम पर ठगा था। रेडिसन होटल में हुई एक मीटिंग के दौरान अनिरुद्ध ने कुछ प्रसिद्ध कलाकारों की तस्वीरें दिखाकर अपनी बड़ी पहचान का झांसा दिया और कहा कि पर्यटन विभाग में निवेश करने पर मोटा रिटर्न मिलेगा। उसकी सहयोगी मीरा ने भी इस ठगी में सक्रिय भूमिका निभाई। आरोप के अनुसार, 1 अक्टूबर 2022 से




25 अक्टूबर 2022 के बीच दोनों ने सुनील से कुल 45,50,000 निवेश के नाम पर वसूल किए। जब सुनील ने अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों टालमटोल करने लगे। धोखाधड़ी का पता चलते ही सुनील ने राणा प्रतापनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच ईओडब्ल्यू शाखा के तत्कालीन एपीआई रिजवान शेख ने की और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की। सभी गवाहों और सबूतों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील एड. अभय जिकार ने पैरवी की, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एड. दीक्षित और एड. काशीकर उपस्थित थे। कोर्ट के कामकाज की देखरेख हवलदार ढोके और भोयर ने की।

## बीड़ी-सिगरेट न मिलने पर युवक की लाठियों से पिटाई, दो गिरफ्तार

**नागपुर.** एक ऑटो चालक को महज बीड़ी-सिगरेट उधार न देने की कीमत मार खा कर चुकानी पड़ी। वाड़ी इलाके में दो युवकों ने उसे लाठियों से पीटकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। घटना आठवा मैल, वाड़ी स्थित एक पान ठेले की है। पीड़ित अमोल भातकुलकर (32) एक ऑटो चालक हैं और वह ठेले के पास अपना ऑटो खड़ा करके बैठे हुए थे। तभी आरोपी आकाश मोहाडे (28) वहां पहुंचा और उसने अमोल से बीड़ी-सिगरेट उधार मांगी। जब अमोल ने देने से मना कर दिया तो आकाश उन्हें गालियां देकर वहां से चला गया। हालांकि, मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। कुछ ही देर बाद आकाश अपने साथी रोशन मोहाडे (26) के साथ वापस लौट आया। दोनों ने अमोल से जबरदस्ती विवाद शुरू कर दिया और फिर लाठियों से उस पर हमला बोल दिया। हमले में अमोल जख्मी हो गया। इसकी सूचना मिलने पर वाड़ी पुलिस ने आकाश और रोशन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

## शहर में कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न के दो मामले दर्ज

**नागपुर.**

शहर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के दो गंभीर मामले सामने आए हैं, जिनमें एक बैंक मैनेजर और एक अप्रेंटिस युवती पीड़िता हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में छेड़खानी के आरोप दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला एक सरकारी बैंक की 36 वर्षीया मैनेजर का है।

शिकायत के अनुसार, मार्च 2024 से उनके एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें परेशान करना शुरू किया। घटना तब हुई जब गर्भवती महिला ने छुट्टी के लिए आवेदन दिया। आरोप है कि आवेदन पर फैसला लेने के बजाय, आरोपी अधिकारी ने उनसे गर्भपात न कराने के तरीके बताना शुरू कर दिया और 'गर्भपात के उपाय क्यों नहीं किए' जैसे अश्लील सवाल पूछे। इसके बाद उसने मोबाइल पर अवांछित संदेश भेजकर उत्पीड़न जारी रखा। पीड़िता ने पहले बैंक की विशाखा कमेटी में, और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

दूसरा मामला कपिल नगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक 26 वर्षीय अप्रेंटिस युवती ने तरुण कोसरे नामक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। युवती से आवेदन डाउनलोड करने में मदद के बहाने संपर्क करने वाले आरोपी ने बाद में व्हाट्सएप पर अश्लील संदेश भेजकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। युवती द्वारा आरोपी के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी वह नहीं रुका, और उसने युवती के नकली न्यूड फोटो बनाकर टेलीग्राम पर भेजने जैसी घिनौनी हरकत की। पुलिस ने इस मामले में भी उत्पीड़न का मामला दर्ज कर तरुण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ◆ जाहीर निवेदन ◆

Reg. NO.: F-0038599

प्रिय मित्रों,

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन यह स्वयंसेवी संस्था है, जो ग्राहकों के हित, न्याय, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। यह संस्था धर्मादाय आयुक्तालय में पंजीकृत है और हमारा कार्यक्षेत्र पूरे भारत में फैला हुआ है। साथ ही, हम पिछले कुछ वर्षों से पूरे भारत वर्ष में घरेलू गैस से संबंधित जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से आम जनता को घरेलू गैस सिलेंडर का लाभ दिया, ताकि हर घर को स्वच्छ और सुरक्षित ईंधन मिल सके। लेकिन आज हम देख रहे हैं कि कुछ व्यावसायिक होटल, रेस्टोरेंट, कारखानों और LPG वाहन चालक घरेलू सिलेंडर का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं तो संभल जाइए हमारी नजर आप पर है। हमारे स्वयंसेवक सरकारी संबंधित विभागों के साथ मिलकर छापेमारी जैसी कार्रवाई कर आर्थिक दंड तथा कानूनी कार्रवाई करने में सरकारी विभागों के साथ मिलकर उन्हे मदत करते है।

व्यावसायिक उपयोग वाले गैस सिलेंडर का रेग्युलेटर और प्रेशर घरेलू उपयोग वाले गैस सिलेंडर (14.2 kg) से अलग होता है जिस के कारण ब्लास्ट होने का खतरा बढ़ता है और इससे जनहानी और आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। अवैध घरेलू गैस सिलेंडर से न आप सिर्फ अपनी जान जोखिम में डाल रहे हो, पूरे परिवार तथा आसपास के लोगों की जान खतरे मे डाल रहें हो। हम आपसे निवेदन करते हैं कि थोड़े से पैसे बचाने के लिए घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग ना करें। आपके लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर बाजार में आसानी से उपलब्ध है। कृपया उन्हीं का उपयोग करें और देशहित में सहयोग दें।

हम देशहित में Save Domestic LPG Cylinder, Save Life यह परियोजना चला रहें हैं और इसके तहत हमारे स्वयंसेवक नियमित सर्वेक्षण कर सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जानकारी आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग और तेल कंपनियों के बिक्री अधिकारियों को उपलब्ध कराते हैं।

यदि कोई घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करता हो तथा अवैध रूप से वाहनों में भरते हैं तो उस पर अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम- 1955 के तहत कानूनी कार्रवाई हो सकती है, जिसमें आपको जेल भी हो सकती है और जुर्माना भी लग सकता है। साथ ही, इससे आपके व्यवसाय की प्रतिष्ठा को भी भारी नुकसान हो सकता है। हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप घरेलू सिलेंडर का अवैध उपयोग न करें और ना दूसरों को करने दे।

देखा गया है जबसे घरेलू सिलेंडर के रेट कम होनेसे घरेलू सिलेंडर का अवैध इस्तेमाल बढ़ गया है इससे गैस दुर्घटनाएँ बढ़ गयी है और इसमें काफी लोगों की जाने भी गयी है. यदि आपको कोई प्रतिष्ठान या व्यक्ति घरेलू सिलेंडर का अवैध इस्तेमाल करते हुए नजर आये तो हमें 9529858868 इस नंबर पर संपर्क करें। हम इसकी जानकारी संबंधित सरकारी विभाग को देंगे और क़ानूनी कार्रवाई करवाएंगे। सरकारी राजस्व की हानि और गैस सिलेंडर ब्लास्ट जैसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहें। ऐसा कृत्य नजर आते ही हमें या सरकारी विभाग को जानकारी दें।

चलो सब साथ मिलकर घरेलू सिलेंडर को बचाए, घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल माल केवल घर की रसोई में ही करें।

Save Domestic Cylinder, Save Life!
सुरक्षित भारत, सशक्त भारत!

**नितिन सोळंके**
संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन



# सावधान

घरेलू सिलेंडरों की अवैध रीफिलिंग से विस्फोट का खतरा बढ़ जाता है और सरकार को राजस्व का भी नुकसान होता है।

यदि आप घरेलू एलपीजी सिलेंडर का होटलों, रेस्टोरेंट और एलपीजी वाहनों में अवैध रीफिलिंग कर रहे हैं, तो यह असुरक्षित है और आपके खिलाफ अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम- 1955 के तहत कानूनी कार्रवाई हो सकती है।




## घरेलू सिलेंडर का सही उपयोग करें।

- घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग केवल घर पर करें।
- किसी भी होटल, रेस्टोरेंट या व्यावसायिक स्थान पर घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग अवैध है।
- आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (Essential Commodities Act, 1955) के तहत, घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग दंडनीय अपराध है।

## बिल भुगतान में सावधानी रखें

- बिल की पूरी राशि ही भुगतान करें - इसमें डिलीवरी शुल्क पहले से शामिल होता है।
- अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क न दें।

## एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर के दुरुपयोग से बचें

- सतर्क रहें: एजेंसी द्वारा आपके सिलेंडर को किसी और के नाम पर बुक कर गलत उपयोग करने से बचें।
- आम जनता घरेलू गैस अगर कोई गैस एजेंसी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अथवा अवैध जगहों पर घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी का दुरुपयोग देखें, तो तुरंत रिपोर्ट करें। ऐसे गैस एजेंसी पर बिक्री अधिकारी तथा पेट्रोलियम विभाग द्वारा कार्रवाई कर एजेंसी को निलंबित किया जा सकता है।
- ग्राहक सेवा या संबंधित विभाग को तुरंत सूचित करें।

## गैस सिलेंडर प्राप्त करते समय ध्यान देने योग्य बातें

- सिलेंडर लेने से पहले और बाद में उसका वजन जरूर करें।
- लीकेज की जांच करें और कोई संदेह हो तो डिलीवरी न लें।
- सिलेंडर की वैधता तिथि (Validity Date) जांचें।

नागरिकोंसे निवेदन है अगर कोई डीलर या डिलीवरी बॉय अवैध डिलीवरी करते दिखे तो हमे उसकी वीडियो, फोटो 9529858868 इस नंबर पर भेजे , हम इसकी जानकारी नजदीकी सरकारी विभाग को देंगे और क़ानूनीकार्रवाई करवायेंगे।

**"आपका सहयोग हमारी ताकत है!"**

हर योगदान, छोटा हो या बड़ा, हमें उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करने, सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने और हमारे समुदाय की भलाई सुनिश्चित करने में मदद करता है।

**"हमारे साथ जुड़ें और बदलाव लाने में योगदान दें!"**

**भारत में हर साल घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का गैरकानूनी उपयोग हजारों जानें और संपत्ति को खतरे में डालता है।**

- ✅ अवैध उपयोग के खिलाफ जागरूकता फैला रहे हैं
- ✅ कानूनन कार्रवाई के लिए सहयोग कर रहे हैं
- ✅ उपभोक्ता अधिकारों के लिए आवाज़ उठा रहे हैं

लेकिन यह सब संभव है आपकी आर्थिक सहायता से।

"आपका थोड़ा दान किसी का जीवन बदल सकता है। आज ही दान करें।"

SCAN ME

जनहित मे प्रसारीत

www.grahakdakshata.com